IDHS की मुफ्त भावनात्मक समर्थन टेक्स्ट लाइन, कॉल 4 काम

IDHS मानसिक स्वास्थ्य पर COVID-19 महामारी के कारण हुए भारी दुष्प्रभाव को पहचानता और समझता है। तदनुसार, IDHS मानसिक स्वास्थ्य विभाग ने एक नि:शुल्क भावनात्मक समर्थन टेक्स्ट लाइन "Call4Calm" बनाई है, जिसे इलिनॉय में COVID-19 के कारण तनाव और मानसिक स्वास्थय से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे लोगों की भावनात्मक सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

जो व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से बात करना चाहते हैं वे 5-5-2-0-2-0 पर “TALK” टेक्स्ट कर सकते हैं, या, स्पैनिश के लिए, उसी नंबर पर “HABLAR” टेक्स्ट कर सकते हैं: 5-5-2-0-2-0. Call4Calm सेवा मुफ़्त है, और सहायता चाहने वाले लोग अनाम रहेंगे।

जब भी कोई निवासी हॉटलाइन पर टेक्स्ट भेजता है, तो 24 घंटों के भीतर उसे सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नियुक्त किए गए एक परामर्शदाता का कॉल प्राप्त होगा। व्यक्ति “बेरोजगारी” या “भोजन” या “आश्रय” जैसे कीवर्ड के साथ भी 5-5-2-0-2-0 को टेक्स्ट कर सकते हैं और इस बारे में जानकारी पा सकते हैं कि सहारा और सेवाएं पाने के लिए किस तरह से नेविगेट करना है और उन्हें एक्सेस करना है

अनुदान के अवसर

IDHS हमारे कार्यक्रमों के लिए पूरे साल कई वित्त पोषण के अवसरों की सूचनाएँ (NOFOs) जारी करता है। आप वित्त पोषण अवसरों की पूरी सूची यहां पा सकते हैं IDHS अनुदान अवसरों का वेब पेज।

आपातकालीन किराया और उपयोगिता सहायता

इलिनॉय विभाग के मानव सेवाओं का हाउसिंग सहायता कार्यक्रम एक किराया और उपयोगिता सहायता कार्यक्रम है जो कोविड-19 महामारी से पीड़ित इलिनॉय के सभी पात्र परिवारों को सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखता है। इच्छुक आवेदनकर्ताओं को इस लिंक के माध्यम से प्रदान की गई सूचना का इस्तेमाल कर किसी संस्था से संपर्क करना चाहिए: https://www.illinoisrentalassistance.org/providers

कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, www.illlinoisrentalassistance.orgपर जाएं।

कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित समुदायों के सहयोग के लिए नया संकटकालीन परामर्श कार्यक्रम

IDHS निवासियों को इलिनॉय-स्ट्रॉन्ग, की याद दिलाता है, जो कुक, विन्नेबागो और सेंट क्लेयर काउंटियों में उन व्यक्तियों को समुदाय-आधारित संकटकालीन परामर्श प्रदान करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम है, जो COVID-19 से नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए हैं। यह कार्यक्रम आपदा पीड़ितों को अपनी प्रतिक्रियायों को समझने में मदद देने और उनकी परिस्थितियों में सुधार हेतु उन्हें सहायता कर सकने वाले अन्य व्यक्तियों व एजेंसियों से जोड़ने पर केंद्रित है।

व्यक्तिगत संकट परामर्श प्रदान करने वाले स्टाफ़ के सदस्य सक्रिय श्रोता हैं जो तनाव का सामना करने की व्यवहार संबंधी तकनीकें सिखाने के साथ-ही-साथ आश्वासन, व्यावहारिक सहायता, और भावनात्मक सहयोग प्रदान करते हैं।

इलिनॉय-स्ट्रॉंग व्यक्तिगत और सामूहिक मेल-मिलाप और बातचीत के द्वारा पहचाने गए व्यक्तियों को आपदा-संबंधी राहत सेवाएं प्रदान करेगा।

GATA प्रशिक्षण

इलिनॉय ग्रांट अकाउंटबिलिटी एंड ट्रांसपेरेंसी एक्ट (GATA) का निर्माण राज्य अनुदानों के लिए सुसंगत प्रक्रियाएं प्रदान करने के लिए किया गया था जो संघीय सूचना और लेखा परीक्षण के मानकों का पालन करती हैं।

इलिनॉय समुदायों को सेवा प्रदान करने वाले संगठनों की बेहतर सहायता करने के लिए IDHS GATA टेक्निकल असिस्टंस लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) को अनुदान के लिए आवेदन प्रक्रिया पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बनाया गया था।

यह प्रणाली स्वयं की सुविधा और समय के अनुसार ऑनलाइन शिक्षण के लिए उपलब्ध हैं, जिसमें पांच मॉड्यूल शामिल हैं। सभी मॉड्यूल्स को पूरा करने का अनुमानित समय 24 घंटे है, हालांकि प्रणाली स्वयं की सुविधा और समय के अनुसार ऑनलाइन शिक्षण के लिए उपलब्ध हैं, यह अलग-अलग मॉड्यूल्स में विभाजित है।

GATA के ट्रेनिंग कोर्स लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के साइन-इन पेज पर सीधे जाने के लिए यहां क्लिक करें।

विषय वस्तु से संबंधित प्रश्न और सहायता के लिए यहां ईमेल भेजा जा सकता है : DHS.GATATraining@illinois.gov।

यदि आपके पास GATA से संबंधित प्रश्न हैं, तो IDHS ने GATA पर उच्च-स्तरीय अवलोकन प्रदान करने के लिए अंग्रेजी और स्पेनिश में एक-घंटे का सत्र आयोजित किया था ।
अंग्रेजी के लिए यहाँ क्लिक करें।
स्पेनिश के लिए यहाँ क्लिक करें।

SNAP ऑनलाइन किराना कार्यक्रम में अतिरिक्त खुदरा विक्रेता जोड़े गए

IDHS को घोषणा करते हुए गर्व है कि इलिनॉय में अब सात खुदरा विक्रेता ऑनलाइन SNAP खरीदारी प्रदान कर रहे हैं। भागीदारों के चार नए स्टोर्स में शामिल हैं *Woodman's, County Market, , Fairplay Foods, and Super Mercados El Guero.*

इन नए खुदरा विक्रेताओं ने SNAP लाभ के पात्र परिवारों को किराना ऑर्डर उपलब्ध कराने के लिए ALDI, Amazon, और Walmart से जुड़ाव कर लिया है। प्रतिभागी Instacart की उसी-दिन डिलीवरी और पिक-अप सेवाओं के द्वारा ALDI से ताज़ा खाद्य पदार्थ और रसोई भंडार की मुख्य वस्तुएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

SNAP लाभों का ऑनलाइन उपयोग करने के लिए shopwoodmans.com, mycountymarket.com/shop/online-grocery-shopping/, fairplayfoods.com, shop.supermercadoselguero.com/, shop.aldi.us, Amazon.com/SNAP, या Grocery.Walmart.com पर जाएं और स्क्रीन पर दिए निर्देशों का अनुपालन करें। SNAP के लिए साइन अप करने या अधिक जानकारी के लिए, कृपया dhs.state.il.us पर जाएं।

इस कार्यक्रम में दिलचस्पी रखने वाले कोई भी खुदरा विक्रेता http://www.fns.usda.gov/snap/online-purchasing-pilot पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

स्पैनिश में मानसिक स्वास्थ्य संसाधन

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ (NIMH) रोगियों और उनके परिवारों, स्वास्थ्य पेशेवरों और जनता के लिए स्पेनिश में मानसिक विकारों और संबंधित विषयों पर बुनियादी जानकारी प्रदान करता है। मुद्रित सामग्रियों को नि: शुल्क ऑर्डर किया जा सकता है और ये क्लीनिकों, स्कूलों और सामुदायिक कार्यक्रमों में वितरण के लिए बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए और मुफ़्त कॉपियां ऑर्डर करने के लिए, कृपया यहां जाएं।